**दिनांक 07.02.2026 को अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन की अध्यक्षता में सम्पन्न की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

**उपस्थिति :– परिशिष्ट–1 के अनुसार**

(1) डुमरांव शाखा नहर एवं इससे निःसृत वितरण प्रणालियों का पुनर्स्थापन कार्य।

- कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बिक्रमगंज द्वारा बताया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 49 % तथा वित्तीय प्रगति 35 % है।
- भौतिक प्रगति के सापेक्ष वित्तीय प्रगति कम रहने के संबंध में कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बिक्रमगंज द्वारा बताया गया कि मिट्टी कार्य के सापेक्ष संरचना की प्रगति कम रहने के कारण वित्तीय प्रगति कम है। इस क्रम में संरचना मद अंतर्गत प्रावधानित कार्यों के कुल राशि के संदर्भ में पृच्छा करने पर कार्यपालक अभियंता द्वारा संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया गया।

  उक्त के आलोक में निदेश दिया गया कि संरचना कार्य के अंतर्गत प्रावधानित/कराये जाने वाले कार्यों के लागत का आकलन कर उसके विरूद्ध समानुपातिक वित्तीय प्रगति सुनिश्चित किया जाय।
- कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बिक्रमगंज द्वारा बताया गया कि योजना अंतर्गत 16 अदद् नहरों में नहर एवं संरचना का पुनर्स्थापन कार्य प्रावधानित है। 191.56 कि०मी० नहर पुनर्स्थापन कार्य के विरूद्ध 127.08 कि०मी० में मिट्टी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 06 अदद् नहर प्रणालियों में प्रावधानित मिट्टी कार्य के विरूद्ध अवशेष कार्यों की स्थिति निम्नवत् है :–

| क्र० | नहर/वितरणी | प्रावधानित (कि०मी०) | पूर्ण (कि०मी०) | अवशेष (कि०मी०) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Dumraon Branch Canal | 49.6 | 18.42 | 31.18 |
| 2 | Lahthan Distributary | 27.00 | 24.00 | 3.00 |
| 3 | Keshath-3 | 11.00 | 4.30 | 7.70 |
| 4 | Barauli Minor | 4.50 | 0.00 | 4.50 |
| 5 | R.P.C-1 | 3.0 | 0.00 | 3.00 |
| 6 | Ninga Ghosiya Minor | 7.70 | 0.00 | 7.70 |
| 7 | Baraon distributory | 7.40 | 0.00 | 7.40 |

- कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बिक्रमगंज एवं संवेदक प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि केसठ–3 वितरणी में पुनर्स्थापन कार्य प्रगति पर है, जिसे एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करा लिया जायेगा।

- अधीक्षण अभियंता, सोन नहर अंचल, आरा एवं संवेदक प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि लहठान वितरणी, निंगा घोसिया माईनर, R.P.C-1 एवं बरौली माईनर के H/R को बन्द कर मशीनरी की संख्या में अपेक्षित वृद्धि करते हुए 15 फरवरी, 2026 तक पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।
- डुमरॉव शाखा नहर एवं बरॉव वितरणी के अवशेष कार्य के संबंध में अधीक्षण अभियंता, सोन नहर अंचल, आरा एवं संवेदक प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि डुमरॉव शाखा नहर के 45.00 कि०मी० पर अवस्थित C/R को बन्द कर उसके निम्न प्रवाह के नहर खण्ड एवं बरॉव वितरणी में पुनर्स्थापन कार्य 10 दिनों में पूर्ण करा लिया जायेगा तथा डुमरॉव शाखा नहर के 21.60 कि०मी० पर अवस्थित C/R को दिनांक 25.02.2026 से बंद कराकर शेष भाग में पुनर्स्थापन कार्य 15 मार्च, 2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

  उक्त के क्रम में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी को निदेश दिया गया कि अपने स्तर से स्थल निरीक्षण कर स्थानीय किसानों/जन प्रतिनिधियों के साथ रब्बी सिंचाई हेतु पटवन की आवश्यकता का आकलन कर डुमरॉव शाखा नहर के 45.00 कि०मी० एवं 21.60 कि०मी० पर अवस्थित C/R gate को तद्नुसार बंद कर योजनान्तर्गत सभी शेष कार्य 15 मार्च, 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।
- कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बिक्रमगंज द्वारा बताया गया कि योजनान्तर्गत शेष संरचना कार्य में अधिकांश संरचना डुमरॉव शाखा नहर में कराया जाना है। समीक्षा के क्रम में सरंचना कार्य की प्रगति की स्थिति निम्नवत् पायी गयी :—

| क्र० | संरचना का प्रकार | प्रावधानित | पूर्ण | अवशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आउटलेट | 43nos | 11nos | 32nos |
| 2 | प्रोटेक्शन वाल | 385 m | 150 m | 135 m |
| 3 | सी०सी० ब्लाक पिचिंग | 235 m | - | 235 m |
| 4 | ब्रिक ब्लाक पिचिंग | 270 m | - | 270 m |
| 5 | रिटेनिंग वाल / विंग वाल | 430 m | 30 m | 400 m |

निदेश दिया गया कि जिन स्थलों पर आउटलेट की आवश्यकता है वहाँ नहर के कन्ट्री साईड (आउटर साईड) से अविलम्ब कार्य प्रारंभ कराया जाय तथा इनर साईड में नहर बन्द कर अथवा रिंग बांध बनाकर आउटलेट का कार्य शीघ्र पूर्ण करावें। शेष सरंचना यथा प्रोटेशन वाल, रिटेनिंग वाल, पिचिंग वर्क इत्यादि अंतर्गत वर्तमान स्थलीय स्थिति का निरीक्षण मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी एवं अधीक्षण अभियंता, सोन नहर अंचल, आरा द्वारा करके यथा आवश्यक न्यूनतम कार्य/वैकल्पिक (Geo Bag/ Gabion /Precast C.C.Block etc.) कार्य का निर्धारण/आदेश करते हुए योजना को मार्च 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

साथ ही कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बिक्रमगंज एवं संवेदक को निदेशित किया गया कि अवशेष कार्य के कार्यान्वयन हेतु कार्य का कार्यक्रम तैयार कर तथा Man, Material एवं Machinary की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर अवशेष कार्य को मार्च 2026 से पूर्व पूर्ण कराया जाय।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, भभुआ/ कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बिक्रमगंज/संबंधित संवेदक)**

(2) <u>बक्सर शाखा नहर एवं इससे निःसृत वितरण प्रणालियों का पुनर्स्थापन कार्य।</u>

- कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बक्सर द्वारा बताया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 73 % तथा वित्तीय प्रगति 55.57 % है।

- भौतिक प्रगति के सापेक्ष वित्तीय प्रगति कम रहने के संबंध में कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बक्सर द्वारा बताया गया कि मिट्टी कार्य के सापेक्ष संरचना की प्रगति कम रहने के कारण वित्तीय प्रगति कम है। इस क्रम में संरचना मद अंतर्गत प्रावधानित कार्यों के कुल राशि के संदर्भ में पृच्छा करने पर कार्यपालक अभियंता द्वारा संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया गया।

  निदेश दिया गया कि संरचना कार्य के अंतर्गत प्रावधानित/कराये जाने वाले कार्यों के लागत का आकलन कर उसके विरूद्ध समानुपातिक वित्तीय प्रगति सुनिश्चित किया जाय।

- कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बक्सर द्वारा बताया गया कि योजनान्तर्गत 10 अदद् नहर प्रणालियों में नहर एवं संरचना पुनर्स्थापन कार्य कराया जाना है। मिट्टी कार्य अंतर्गत 102.10 कि०मी नहर पुनर्स्थापन कार्य के विरूद्ध 83.10 कि०मी० तक पूर्ण करा लिया गया है। अवशेष कार्य की स्थिति निम्नवत् हैः–

| क्र० | नहर/वितरणी | प्रावधानित (कि०मी०) | पूर्ण (कि०मी०) | अवशेष (कि०मी०) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बक्सर शाखा नहर | 43.00 | 33.00 | 10.00 |
| 2 | साथ वितरणी | 19.00 | 14.00 | 5.00 |
| 3 | गड़हिया उपवितरणी | 15.00 | 11.00 | 4.00 |

- कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बक्सर द्वारा सरंचना कार्य की प्रगति की स्थिति निम्नवत् बतायी गयी :–

| क्र० | सरंचना का प्रकार | प्रावधानित | पूर्ण | अवशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आउटलेट | 108 nos | 51nos | 57 nos |
| 2 | इनलेट | 4 nos | 1nos | 3nos |
| 3 | प्रोटेक्शन वाल | 438 M | 428 M | 10 M |
| 4 | सी०सी० ब्लाक पिचिंग | 1345 M | 332.8 M | 1012.2 M |
| 6 | रिटेनिंग वाल / विंग वाल | 1046M | 756.84 M | 289.16 M |
| 8 | एक्वाडक्ट (पी०सी०सी०) | 105.76 $M^3$ | 75.08 $M^3$ | 30.68 $M^3$ |
| 9 | रिपेयर ऑफ लॉक | 5 nos | 5 nos | 5 nos |

- समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रावधानित एवं अवशेष कार्यों से संबंधित Schematic Diagram एवं स्थल का फोटोग्राफ प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन द्वारा क्षोभ व्यक्त किया गया तथा अधीक्षण अभियंता, सोन नहर अंचल, आरा एवं कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बक्सर को चेतावनी दी गई कि आगामी बैठक में पूर्ण तैयारी एवं अद्यतन अभिलेख के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
- संवेदक प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि बक्सर शाखा नहर में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पदाधिकारी द्वारा काम करने से मना किया जाता है। इस संबंध में पृच्छा करने पर मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी द्वारा बताया गया कि नहरों में वन से संबंधित कोई Issue नहीं है। नहर के इनर स्लोप में कतिपय वृक्ष उग आये है जिन्हें नियमानुसार वृक्ष पातन करते हुए कार्य कराया जा सकता है।

  निदेश दिया गया कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी अपने स्तर से स्थल का निरीक्षण कर वन से संबंधित समस्या का समीक्षा कर निराकरण सुनिश्चित करायेंगे। इसके लिए यदि आवश्यक हो तो DFO/DM से मिलकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करावें।
- कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बक्सर एवं संवेदक प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि साथ वितरणी एवं गड़हिया उपवितरणी के H/R को बन्द कर मशीनरी की संख्या में अपेक्षित वृद्धि करते हुए फरवरी, 2026 तक पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।
- बक्सर शाखा नहर के अवशेष कार्य के संबंध में अधीक्षण अभियंता, सोन नहर अंचल, आरा एवं संवेदक प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि बक्सर शाखा नहर के लॉक नं०-6 (गुनसेज लॉक) पर अवस्थित C/R को बन्द कर उसके निम्न प्रवाह के नहर खण्ड में पुनर्स्थापन कार्य एवं संरचना का जीर्णोद्धार कार्य 15 मार्च, 2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

उक्त के क्रम में निदेश दिया गया कि :–

- मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी अपने स्तर से स्थल निरीक्षण कर स्थानीय किसानों/जन प्रतिनिधियों के साथ रब्बी सिंचाई हेतु पटवन की आवश्यकता का आकलन कर बक्सर शाखा नहर के लॉक नं०–6 (गुनसेज लॉक) पर अवस्थित C/R gate को आवश्यकतानुसार बंद कर योजनान्तर्गत सभी शेष कार्य मार्च, 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।
- जिन स्थलों पर आउटलेट की आवश्यकता है वहाँ नहर के कन्ट्री साईड (आउटर साईड) से अविलम्ब कार्य प्रारंभ कराया जाय तथा इनर साईड में नहर बन्द कर अथवा रिंग बांध बनाकर आउटलेट का कार्य शीघ्र पूर्ण करावें।
- शेष सरंचना यथा प्रोटेशन वाल, रिटेनिंग वाल, पिचिंग वर्क इत्यादि अंतर्गत वर्तमान स्थलीय स्थिति का निरीक्षण मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी एवं अधीक्षण अभियंता, सोन नहर अंचल, आरा द्वारा करके यथा आवश्यक न्यूनतम कार्य/वैकल्पिक (Geo Bag/ Gabion /Precast C.C.Block etc.) कार्य का निर्धारण/आदेश करते हुए योजना को मार्च 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।
- कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बक्सर एवं संवेदक को निदेशित किया गया कि अवशेष कार्य के कार्यान्वयन हेतु कार्य का कार्यक्रम तैयार कर तथा Man, Material एवं Machinary की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए अवशेष कार्य को मार्च 2026 से पूर्व पूर्ण कराया जाय।

**(कार्रवाई:– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी/अधीक्षण अभियंता, सोन बराज अंचल, डिहरी/कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बक्सर/संबंधित संवेदक)**

12/1/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक : मो0–03–कार्य–डी0–295 / 08–V– 355 पटना, दिनांक : 12/02/26

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी / अधीक्षण अभियंता, सिंचाई योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना / अधीक्षण अभियंता, सोन नहर अंचल, आरा / कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बिक्रमगंज / कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बक्सर / संबंधित संवेदक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक : मो0–03–कार्य–डी0–295 / 08–V– 355 पटना, दिनांक : 12/02/26

प्रतिलिपि : कार्यपालक अभियंता, आई० टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक : मो0–03–कार्य–डी0–295 / 08–V– 355 पटना, दिनांक : 12/02/26

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव महोदय के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

12/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन
जल संसाधन विभाग, पटना

परिशिष्ट-1



1356

## दिनांक 07.02.2026 को आहुत समीक्षात्मक बैठक

| क्र० | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | Er. Dinesh Kumar Singh Yadav | S.E. SCC Ara | Ram नगीना (?) |
| | Dharmendra Kumar Bharti E | Executive Engineer Sone Canal Div. Buxar | Bharti 07/02/26 |
| | Umesh Singh | Assistant engineer. | Umesh 07.02.26 |
| | Arunjay Kr | Executive Engineer Sone Canal Bikramganj | [illegible] 07/02/2026 |
| | Manish Kumar | Assistant Engineer | M.Kr 07/02/26. |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

## दिनांक 07.02.2026 को आहुत समीक्षात्मक बैठक

| क्र० | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | Systematic & Advance Const. Pvt. Ltd | M.D (Pankaj Kumar) | [signature] |
| 2. | Trikuta wasini infratech PVT. LTD | M.D (Santosh Pandey) | [signature] |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |